Hindi

Department of
**Education**

GOVERNMENT OF
WESTERN AUSTRALIA

Public education
**A world of opportunities**



किन्डर्गार्टन से कक्षा 2 तक

# घर पर STEM का अन्वेषण करना

विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग
और गणित

बच्चों की शिक्षा और विकास में
मदद करने हेतु माता-पिता के
लिए गतिविधियां एवं विचार

CC BY

# अंदर क्या है


बच्चे स्वाभाविक रूप से उत्सुक होते हैं 1

STEM क्या है? 2

सीखने हेतु खेल महत्वपूर्ण है 3

खिलौनों के बक्से के साथ मज़ा 4

रसोई में 5

प्रश्न पूछने से सम्बंधित कौशल 7

रीडिंग के माध्यम से सीखना 7

बारिश के दिनों में 8

बहुमूल्य चीज़ो का संग्रह 9

बढ़िया खुला मैदान 10

रात में 12

समुद्र तट पर 13

पार्क में 13

बुलबुले उड़ाना 14

नहाते समय खेल 15

पुर्न:विचार करना, कम करना, रीसायकल करना और पुर्न:उपयोग करना 16



शीर्षक: घर पर STEM का अन्वेषण करना: विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित

SCIS नंबर: 1831078
ISBN: 978-0-7307-4608-9



© शिक्षा विभाग, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया 2017

इस प्रकाशन को पूरी तरह से या भाग में गैर-वाणिज्यिक शिक्षा उद्देश्यों के लिए एक शिक्षा संस्थान में किसी भी प्रारूप में स्वतंत्र रूप से कॉपी किया जा सकता है।


यह सामग्री वैकल्पिक प्रारूपों में अनुरोध पर उपलब्ध है।


Department of Education
151 Royal Street
East Perth WA 6004
टेलीफोन: 9264 4111
वेबसाइट: education.wa.edu.au



CC BY © शिक्षा विभाग, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया 2017






# बच्चे स्वाभाविक रूप से उत्सुक होते हैं

खेलना, खोजना और बहुत सारे सवाल पूछना- इस प्रकार से बच्चे स्वयं के बारे में, दूसरों के बारे में और उनके आस-पास की दुनिया के बारे में सीखते है।

इस पुस्तिका में बहुत सारी गतिविधियां दी गई हैं जिसे आप अपने घर पर STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) में अपने बच्चों को सीखने और उनके विकास में मदद कर सकते हैं ।

© शिक्षा विभाग, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया 2017

# STEM क्या है?

STEM सीखने और विकास हेतु एक दृष्टिकोण है जो विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्रों को एकीकृत करता है।

STEM के माध्यम से, बच्चे निम्नलिखित सीखते हैं:


- प्रश्न पूछना
- मिलकर काम करना
- रचनात्मक रूप से सोचना
- समस्याओं का समाधान करना
- अन्वेषण करना
- सुविचारित जोखिम लेना
- समाधानों का परीक्षण करना
- काम करने के नए तरीके खोजना।

अपने बच्चे के पहले शिक्षक के रूप में, आप शुरुआती उम्र से ही अपने बच्चे के STEM कौशल का निर्माण शुरू कर सकते हैं और भविष्य की शिक्षा के लिए एक ठोस नींव बना सकते है। अपने बच्चे को खेलने, अन्वेषण और जांच करने के लिए प्रोत्साहित करके, आप उनके स्वयं द्वारा सीखने में सक्रिय प्रतिभागी बनकर उनकी मदद कर रहे हैं।

> प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रही प्रगति के मद्देनजर, प्राथमिक विद्यालय में शुरूआत करने वाले लगभग 65 प्रतिशत बच्चे ऐसे रोज़गार में काम करने की संभावना रखते हैं, जो कि अभी तक मौजूद नहीं हैं।




© शिक्षा विभाग, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया 2017



# सीखने हेतु खेल महत्वपूर्ण है

बच्चों की शिक्षा और विकास में खेल एक मजेदार और रोमांचक हिस्सा है।

खेल के माध्यम से, बच्चे:

- जो काम करते हैं, उसमें रुचि रखते हैं और उससे जुड़े रहते हैं।
- दूसरों की नकल करने के माध्यम से सीखते हैं।
- अपने स्वयं के हितों का पता लगाने और खुद के लिए सवालों के जवाब देने के लिए स्वतंत्र होते हैं।
- अपनी गति से सीखते हैं।
- वयस्कों और अन्य बच्चों से बात और प्रभावित करना सीखते हैं।
- अपनी कल्पना विकसित करते हैं।
- प्रतिरोधक्षमता का निर्माण करते हैं।

STEM के बारे में जानने के लिए घर, बाहर और समुदाय में अनेक अवसर उपलब्ध हैं। और सबसे अच्छी बात है कि वे मुफ़्त हैं।

गंदगी अच्छी है! यह खेल और सीखने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है- बाद में सफाई करना भी इसका हिस्सा है ।

## मैं क्या कर सकता/सकती हूँ?

- अपने बच्चे की जिज्ञासा और रचनात्मकता का विकास और सम्मान करें।
- अपने बच्चे को अपनी गति से जानने और सीखने दें।
- अपने बच्चे के जवाबों को स्वीकार करें - उनके लिए यही सही अर्थ है!
- बहुत सारे प्रश्न पूछें। प्रश्न आपके बच्चे को काम समझने में मदद करते हैं।

आप अपने बच्चे को स्वयं के साथ खेलने और दूसरों के साथ खेलने का मौका दें - यह उनके आत्मविश्वास और अनुकूलनशीलता के कौशल को विकसित करता है।

© शिक्षा विभाग, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया 2017 CC BY

# खिलौनों के बक्से के साथ मज़ा

- अपने बच्चे के साथ, खिलौनों के बक्से में रखी चीज़ों को उनके आकार, रंग, बनावट, वजन, सामग्री और उपयोग के अनुसार अलग करें।
- दो खिलौने लें और अनुमान लगाएं कि कौन सी चीज़ भारी है। दोनों हाथों में खिलौनों को लेकर अनुमान लगाएं। वजन की तुलना करने के लिए तराजू का उपयोग करें।
- देखें कि कैसे बेकिंग ट्रे, बड़ी किताबें और लकड़ी के पटरे से कितनी तेजी से कारें, पत्थर और गेंद विभिन्न सतहों से नीचे गिरतें है। देखें कि क्या सतह में परिवर्तन होता है तो वस्तु कितनी तेजी से गिरती है।



## काम

एक कोट के हैंगर के दोनों छोर तक एक प्लास्टिक बैग बांध करके मापक तराजू बनाएं। दो कुर्सियों के बीच एक झाड़ू के हैंडल पर कोट हैंगर लटका दें। प्रत्येक बैग में कोई चीज़ रखें। देखें कि जब आपका बच्चा भारी और हल्की वस्तुएं डालता है तो क्या होता.





CC BY
© शिक्षा विभाग, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया 2017



# रसोई में

- अपने बच्चे को दिखाएं कि भोजन बनाने में नुस्खा पढ़ना, सामग्री को मापना और ओवन में या स्टोव पर खाना पकाना जैसे विभिन्न चरण शामिल हैं।
- जब आप खाना पकाते हो तो अपने बच्चे को बताएं कि तुम क्या कर रहे हो। अधिक, कम, हल्का, भारी, पिघला, जमा, गर्म, ठंडा, घुला हुआ और जमने जैसे शब्दों का प्रयोग करें।
- सामग्री का नाम बताएं और इसका विवरण दें। अपने बच्चे को अनुमान लगाने दे कि जब आप उन्हें एक साथ मिलाते हैं तो क्या होता है।
- गंध और सामग्री का स्वाद लेना (आप अपने बच्चे को स्वाद वाली केवल वही सामग्री बताएं जो आप जानते है कि सुरक्षित है।)
- जब आप उन्हें पकाते हैं तो सामग्री कैसे परिवर्तित होती है, इस बारे में बात करें।

## जैली

- अपने बच्चे को जेली क्रिस्टलों में पानी डालने से पहले और बाद मे एक ठोस से तरल तक का वर्णन करने दें (ठोस से तरल तक)
- अपने बच्चे को हर आधे घंटे बाद फ्रिज में जेली जमने का रूप देखने दे और इसके बारे में बात करें कि यह कैसे बदलती है।
- पूछें अगर कुछ जैली जमने के बाद फ्रिज से बाहर रह गई हैं तो क्या होगा। कोशिश करें!

© शिक्षा विभाग, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया 2017

# रसोई में (जारी)

## लोई से खेल

- देखें कि कितने आकार और पैटर्न आप एक साथ बना सकते हैं
- खेलने हेतु आटे की बनावट और गंध को बदलने के लिए आवश्यक तेल, चमकीली और रेत मिलाएं।

## रसोई के बर्तन

- खोज़ करें कि रसोई के विभिन्न बर्तन कैसे प्रयोग मे लाएं जाते हैं, जैसे एक कैन ओपनर और एक आइसक्रीम स्कूप।
- एक चम्मच के दोनों साईड के प्रतिबिंब को देखें। पूछे क्यों दोनों साईड अलग है? और कौन सी साईड दर्पण की तरह दिख रही है?
- अपने बच्चे को चिमटे के साथ छोटे, बड़े, हल्के और भारी वस्तुओं को ऊपर उठाने दें।

### काम

अपने बच्चे के साथ एक स्टोव बनाएं। जिन हिस्सों की आपको ज़रूरत है, उनके बारे में बात करें, उदाहरण के लिए ओवन, नाब, स्विचेस और ग्रिल। बक्से, बोतल टॉप और नालीदार कार्डबोर्ड जैसे हिस्सों को बनाने के लिए वस्तुओं को इकट्ठा करें। स्टोव बनाने के दौरान उसके विभिन्न भागों के बारे में बात करें और उन्हें कैसे जोड़ा जा सकता हैं। फिर बाद में स्टोव रंगे!




© शिक्षा विभाग, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया 2017

# प्रश्न पूछने से सम्बंधित कौशल

प्रश्न पूछने पर बच्चों को हां या न का कोई जवाब देने के बजाय अपने विचारों का विस्तार करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

| पूछना | उदाहरण के लिए |
|---|---|
| यह क्या करता है ... | कैसा महसूस होता है? अपनी आँखें बंद करें और मुझे बताएं कि यह कैसा लगता है।<br>कैसा लगता है? रंग, पैटर्न, आकार, आकार और बनावट की तुलना करें।<br>कैसा स्वाद लगता है? क्या इससे पहले आपने इसका स्वाद चखा है?<br>गंध जैसे? आपको क्या यह किसी ओर चीज़ की याद दिलाती है?<br>कैसी आवाज़ लगती है? यह आवाज़ पहले आपने कहां सुनी है? |
| आपको क्या लगता है कि क्या होगा, अगर ... | हम इसमें पानी डालते हैं?<br>खेल के मैदान की स्लाइड बड़ी हो गई है? |
| आपको क्या लगता है ... | छाया खिसक गई है? |
| कैसे ... | एक रोबोट काम करता है? |
| अगर हम... | विभिन्न खिलौनों के पहियों का साईज़ बदलते हैं? |
| आप कैसे कर सकते है..... | ब्लॉकों का संतुलन बना सकते हैं? |

# रीडिंग के माध्यम से सीखना

### अपने बच्चे के साथ, पढ़ें *The Enormous Turnip* Irene Yates द्वारा लिखित।

- कहानी के बारे में अधिक जानकारी देने के लिए, अपने बच्चे से 'वर्णन' वाक्यों में करें, उदाहरण के लिए शलगम बहुत भारी है क्योंकि यह बहुत बड़ा है.
- शलगम को हटाने के लिए दूसरे तरीकों के बारे में बात करें, जैसे इनको छोटे टुकड़ो में काटना।
- घर के आस-पास की चीज़े हटाने के लिए विभिन्न तरीकों के बारे में बात करें।

### अपने बच्चे के साथ, पढ़ें *The Very Hungry Caterpillar* Eric Carle द्वारा लिखित।

- अपने बच्चे के साथ, बगीचे में तितलियों को ढूंढें। उनके पंखों के रंग और पैटर्न का वर्णन करें।
- कैटरपिलर के रूप में पोशाक पहनाएं। एक कैटरपिलर की तरह चलें । अपने बच्चे से पूछें कि वे कैसे कोकून में रहते हैं – और कैसे वे कोकून से बाहर निकलेगे।
- जानवरों और मनुष्यों की जीवनशैली के बारे में बात करें।

© शिक्षा विभाग, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया 2017 CC BY

# बारिश के दिनों में

- विभिन्न सतहों पर वर्षा के गिरने को सुनें। अपने बच्चे से प्रश्न पूछें जैसे  यह कैसी लगती है? और इसकी गंध कैसी है?
- देखे कि पालतू जानवर और अन्य जानवर बारिश में, बारिश के दौरान, और बाद में क्या करते हैं।
- बादलों को देखें। इस बारे में बात करें कि बादल किस प्रकार विभिन्न आकृतियां और रंग बनाते है।

## परिवार के साथ बर्फ पिघलने का खेल खेलना

- परिवार के प्रत्येक सदस्य को एक बर्फ का टुकड़ा दें और फ्रिज या फ्रीज़र का उपयोग किए बिना इसे पिघलने से रोकने के तरीके खोजने के लिए कहें। उदाहरण के लिए, उन्हें एक जुर्राब में रख लें, फोयल में लपेट दें या बब्बल रेप या मिट्टी में दफना दें। समय देखें, बर्फ के टुकड़ों को पिघलने में कितना समय लगता है। इस बारे में बात करें कि क्यों बर्फ के कुछ टुकड़े दूसरों की तुलना में तेजी से पिघलते है।



**काम**

कीचड़ में बारिश के पानी की बौछारों को देखें। अपने बच्चे को अपनी उंगलियों से लहरें बनाने के लिए कहें। अपने प्रतिबिंबों को देखें। कीचड़ में कूदकर पानी को उछाले।


© शिक्षा विभाग, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया 2017

# बहुमूल्य चीज़ो का संग्रह

- अपने बच्चे के साथ बहुमूल्य चीज़ो का संग्रह करें जैसे शंख, छोटे पत्थर, पत्ते और पंख। उन्हें अपने घर के आस-पास प्रदर्शित करें या उन्हें खास जगह पर रखें।
- बहुमूल्य चीज़ो को समूहों में अलग-अलग करें उदाहरण के तौर पर रंग, आकार, बनावट, आकार और किनारों की संख्या के अनुसार। अपने बच्चे से इस बारे में बात करें कि किस प्रकार प्रत्येक ग्रुप समान और अलग है। लाइन, सर्कल, स्क्वायर, त्रिकोण और आयत जैसे शब्दों का प्रयोग करें। दोहरें पैटर्नों के पैटर्न और विशेष डिजाइनों को देखें।
- एक आवर्धक लैंस के नीचे प्रत्येक ऑब्जेक्ट को रखकर जांचें या अपने फोन से फोटो ले और स्क्रीन पर बड़े आकार में देखें।

इन गतिविधियों को करते हुए बहुत सारे फ़ोटो ले। जिस तरह से फोटो दिखती है उसे बदलने के लिए मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग करें। इससे आपके बच्चे के डिजिटल कौशल का विकास होता है।



© शिक्षा विभाग, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया 2017

# बढ़िया खुला मैदान

- खुदाई के लिए अपने बच्चे को पुराने रसोई के बर्तनों का उपयोग करने दें जैसे छलनी, चिमनी, बर्तन तथा सुराही और पानी, रेत और कीचड़ के साथ खेलें।
- कहां से पानी आता है और कहां जाता है इस बारे में बात करें। अपने बच्चे को एक ठोस सतह पर पेंट करने या पानी का स्प्रे करके देखकर इन विचारों का परीक्षण करें और देखें कि क्या होता है। इस गतिविधि को आगे बढ़ाते हुए चर्चा करें कि धुलने के बाद कपड़े कैसे सूखते है।
- एक बड़े ज़ार में फटे अख़बार को पानी में भिगोएँ और पानी को सोखने दें। कुछ बीन के बीज़ों को ज़ार के आधे हिस्से में बीच में घुसाएं ताकि इन्हें देखा जा सकें। ज़ार को गर्म, धूप वाली जगह में रखें और कागज़ नम रखें। देखें कि एक हफ्ते बाद क्या होता है (बीज़ों में से जड़े और शाखाएं निकलने लगती हैं।)

## बगीचे में खेल

- सब्जियों के कटे हिस्सों और बीज़ों को उगाएं, फूलों के बीज़ और पौधों को अपने बच्चे के साथ लगाएं। देखें कि वे समय के साथ कैसे उगते हैं। परिवर्तनों को रिकॉर्ड करने के लिए फ़ोटो लें। परिवर्तनों के बारे में एक साथ बात करें।
- अलग अलग जगहों पर (छाया या धूप, मिट्टी का प्रकार, गमले या क्यारी में) वह किस प्रकार बढ़ते है यह देखने के लिए उन्हें विभिन्न जगहों पर लगाएं। बदलावों के बारे में और क्या सबसे अच्छा काम करता है,चर्चा करें।

**काम**

एक आवर्धक ग्लास का उपयोग करते हुए अपने बच्चे के साथ एक छोटे से क्षेत्र की जांच करें। प्रश्न पूछें जैसे आप कितने कीड़े देख सकते हैं? एक कीड़े पर ध्यान केंद्रित करें और देखें कि क्या कर रहा है। यह देखने के लिए कि यह कहां जाता है, इसका पीछा करें।




© शिक्षा विभाग, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया 2017



© शिक्षा विभाग, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया 2017

# रात में

- अपने बच्चे के साथ रात में बाहर का पता लगाएं - टार्च के साथ और टार्च के बिना  प्रश्न पूछें जैसे कि आप क्या देख सकते हैं? और आप क्या सुन सकते?
- एक टार्च के साथ दीवार पर छाया बनाएं। इस बारे में बात करें, जब टॉर्च या वस्तु को दीवार के ज्यादा नज़दीक या दूर लेकर जाते है तो किस प्रकार छाया बदलती है।



© शिक्षा विभाग, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया 2017

# समुद्र तट पर

- अपने बच्चे को अपनी इंद्रियों का उपयोग करने के लिए कहें - जैसे हवा की महक सूंघना, तरंगों को देखना, पक्षियों को सुनना, समुद्री जल को चखना और रेत महसूस करना।
- पानी के किनारे पर खड़े हो जाएं और तरंगों को अपने पैरों को छूने दें। प्रश्न पूछें जैसे कि आप अपने पैरों के नीचें क्या महसूस कर सकते हैं?

**काम**

पानी के किनारे के पास एक गडढा खोदें और देखें कि इसे भरने में कितना समय लगता है। पानी कहां से आता है इस बारे में बात करें। क्या होता है यह देखने के लिए गडढ़े में खड़े हो जाएं।

# पार्क में

- एक साथ एक पेड़ की जांच करें पेड़ की डाली के चारों ओर हाथ पकड़ने की कोशिश करें। ऐसे प्रश्न पूछें, छाल कैसी दिखती है, क्या महसूस होता है और खुशबू कैसी लगती है। देखें कि आप कितने रंग ढूँढ सकते हैं। बात करें कि पेड़ में क्या जीवन है और देखें कि क्या आप कुछ ओर जान सकते है।
- अपनी आँखें बंद करें और अलग-अलग आवाज़े सुनें। आप क्या सुन सकते हैं, इसके बारे में बात करें, उदाहरण के लिए पक्षियों और पत्तियों की गड़गड़ाहट। पार्क के बाहर आवाज़े सुनें, उदाहरण के लिए कार और विमान की आवाज़े।
- एक जगह पर स्थिर खड़े हो जाएं। उन बातों के बारे में बात करना और सवाल पूछना जो आप अपने चारों ओर होते हुए देख सकते हैं जैसे ऊपर उड़ते हुए पक्षी, जमीन पर उड़ते हुए पत्ते, दौड़ते हुए कुत्तें और चलते हुए लोग।

## प्लेग्राउंड के उपकरण

- झूला झूले! झूले के बारे में बात करें कि झूला कैसे हिडोलता है। वर्णन करें कि कैसे झूले को ज्यादा ऊपर कैसे ले जाएं।
- स्लाइड को नीचे स्लाइड करें और बात करें कि आप मध्य-स्लाइड में कैसे और क्यों रोक सकते हैं।
- एक चीज़ को स्लाइड पर नीचे धकेले। किस प्रकार तेजी या धीमी गति से जाती है इन तरीकों के बारे में बात करें।

© शिक्षा विभाग, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया 2017

# बुलबुले उड़ाना

- अपने बच्चे को बुलबुले उड़ाने की कोशिश करने और उन्हें पकड़ने के लिए कहें। प्रश्न पूछें जैसे कि बुलबुले कैसे तैरते है? और बुलबुले क्यों फूटते है? देखें कि बुलबुला हवा में कितनी देर रह सकता है।
- अपने बच्चे को अपने हाथों से बुलबुले बनाने के लिए अपने अंगूठे और तर्जनी के साथ एक छोटा सा सर्कल बनाने और सर्कल के माध्यम से उड़ाने के लिए कहें।

## काम

### बुलबुले कैसे बनाएं

एक लीटर के कंटेनर में 600 मिलीलीटर कपड़े धोने का डिटर्जेंट और 25 मिलीलीटर ग्लिसरीन डालकर पानी भरें। अपने बच्चे को एक पाइप क्लीनर का उपयोग करते हुए एक छड़ी बनाने जिसके ऊपर एक गोलाकार सर्कल हो, के लिए कहें। झाग वाले घोल में छड़ी को डुबाएं और सर्कल में से हवा फूंकने के लिए अपने बच्चे को कहें।




CC BY © शिक्षा विभाग, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया 2017



# नहाते समय खेल

- अपने बच्चे के साथ स्नानघर में विभिन्न चीज़े रखे। अपने बच्चे को यह देखने दे कि क्या वे तैरती है या डूबती हैं। इससे पहले कि वे कोशिश करें उन्हें अनुमान लगाने दें कि क्या हो सकता है। पूछें कि क्यों कुछ चीज़े तैरती है या डूबती हैं। तैरने वाली चीज़ों को डूबने वाली और डूबने वाली चीज़ो को तैरने वाली बनाने के तरीकों के बारे में बात करें।
- अपने बच्चे को अलग-अलग चीज़ों में पानी भरने के लिए कहें और फिर उन्हें खाली करें। पानी छिड़कने के लिए साफ शैम्पू की बोतल का उपयोग करें। बोतल को जब खाली हो और भरी हो तब दबाएं, ऐसा करने पर कैसा लगता है इस बारे में बात करें। बोतल को पानी के नीचे और पानी के ऊपर दबाएं, यह देखें कि क्या होता है।

**बाथ प्लग निकाले जाने पर क्या होता है इस बारे में प्रश्न पूछें**

© शिक्षा विभाग, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया 2017 CC BY

# पुर्न:विचार करना, कम करना, रीसायकल करना और पुर्न:उपयोग करना

## पुर्न:विचार करना

- अपने बच्चे को गाड़ी में स्कूल ले जाने के बजाय, वहां चल कर जाएं। यदि आप स्कूल से दूर रहते हैं, तो कुछ रास्ता गाड़ी से जाएं और शेष चल कर जाएं।
- अपने बच्चे को जिस प्रकार वे अपने पर्यावरण का दूसरों के साथ उपयोग करने का विचार करते है उनके लिए प्रोत्साहित करें। कूड़े को कूड़ादान में डाले और खेलने के बाद सामान सही जगह पर रखने जैसे सुझाव दें।



## कम करना

- बिजली में कमी करने के लिए जब इस्तेमाल न कर रहे हो तब उपकरणों और लाईटों को दीवार से बंद करने के लिए अपने बच्चे को कहें। रिमाइंडर के रूप में मिलकर सिग्नल बनाएं।
- अपने बच्चे को जब वह अपने दांत साफ कर रहे हो तो उन्हें पानी बंद रखने के लिए कहें।
- अपने बच्चे को गैस, पानी और बिजली मीटर दिखाएं ताकि वे समझ सकें कि उपयोगिताओं को कैसे मापा जाता है।
- जब आपका बच्चा स्नान करता है तब स्नान करते समय एक बाल्टी रखें और यह मापे कि कितना पानी एकत्र किया गया है।

## रीसायकल करना

- अपने बच्चे को 'रीसायकल' चिन्ह दिखाएं। रीसायकल करना कितना महत्तवपूर्ण है इस बारे में बात करें।
- सामग्रियों के प्रकारों पर चर्चा करें, जिन्हें रीसायकल नहीं किया जा सकता है।

## पुर्न:उपयोग करना

- कला और शिल्प गतिविधियों के लिए कागज प्लेट, बक्से, कार्ड, रैपिंग पेपर और रिबन का पुर्न:उपयोग करें। गिलास या प्लास्टिक के कंटेनरों में बटन, क्रेयान और पेंसिल इकठ्ठे करें।
- खिलौने और खजाना बक्सों हेतु घर बनाने के लिए जूतों के बक्से का पुन: उपयोग करें।
- पानी नाली में जाने के बजाएं उसका संग्रहण किया जा सकता है और उसका इस्तेमाल घर के आस-पास किया जा सकता है इसकी पहचान की जाएं।


© शिक्षा विभाग, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया 2017

## काम

इससे पहले कि आप कचरे में चीज़े फेंक दें। प्रत्येक चीज़ के बारे में चर्चा करें कि वह किस चीज़ से बनी है और अपने बच्चे को रीसायकल चिन्ह देखने के लिए कहें। रीसायकल की जाने वाली चीज़ों को बाहर निकालें और रीसायकल बिन में डालें।




© शिक्षा विभाग, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया 2017



ISBN 978-0-7307-4608-9

© शिक्षा विभाग, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया 2017